Title: Need to ensure functioning of Cement units at Nayagaon in Neemuch district of Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): महोदय, सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया द्वारा संचालित मध्य प्रदेश के नीमच जिले में नयागांव में स्थित सीमेंट इकाइयों के बिजली के अभाव में बंद होने की स्थिति से जहां सैंकड़ों कर्मचारियों और अधिकारियों के समक्ष कठिनाइयां उपस्थित हो गई हैं, वहीं एक अच्छी व लाभकारी इकाइयों के केवल बिजली के अभाव में बंद होने की स्थिति में कारपोरेशन को बड़ी हानि हो रही है। मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल को आंशिक राशि भी यदि बकाया चुकायी जाती है तो ये इकाईयां पुनः तत्काल चालू हो सकती हैं। बिजली के अभाव में सैंकड़ों परिवार भी परेशान हैं। आंशिक वैकल्पिक बिजली प्रदाय पर लाखों रुपया खर्च हो रहा है।

अतः मेरा उद्योग मंत्री महोदय से अनुरोध है कि उक्त इकाईयों के चलाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करें।